GRSE त्वरित नवाचार प्रोत्साहन योजना (GAINS 2024)

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में रक्षा राज्य मंत्री ने कोलकाता में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (GRSE) की **GRSE त्वरित नवाचार प्रोत्साहन योजना (GRSE Accelerated Innovation Nurturing Scheme- GAINS 2024)** का शुभारंभ किया।

- इस अभिनव योजना का उद्देश्य **शिपयार्ड से संबंधित समस्याओं का समाधान करना** और देश के स्टार्टअप्स **के माध्यम से प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देना** है।
- यह भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' और '**स्टार्टअप इंडिया**' नीतियों के अनुरूप है तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) एवं **स्टार्ट-अप्स** को आगे की तकनीकी उन्नति के लिये अभिनव समाधान विकसित करने के लिये प्रोत्साहित करने में सक्षम बनाती है।
- इसका उद्देश्य **पोत डिज़ाइन** एवं निर्माण उद्योग **में मौजूदा और उभरती चुनौतियों का समाधान करने के लिये** MSME व स्टार्टअप्स के विशाल इकोसिस्टम का लाभ उठाने के साथ आत्मनिर्भरता के उद्देश्यों को प्राप्त करना है।

और पढ़ें: 'मेक इन इंडिया', भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/grse-accelerated-innovation-nurturing-scheme-gains-2024-